**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–29.05.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड समेत देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान की हुई शुरूआत, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– किसानों की आय बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता।**
2. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में नई शिक्षा नीति–2020 और भारतीय ज्ञान परंपरा पर कुलपतियों के साथ परिचर्चा आयोजित, राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को टास्क फोर्स गठन के दिए निर्देश।**
3. **देवघर में 16वें वित्त आयोग की बैठक मे विकास योजनाओं पर हुई चर्चा, अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने योजनाओं को समयबद्ध पूरा करने का दिया निर्देश ।**
4. **झारखंड में पहले मत्स्य महोत्सव का हुआ उद्घाटन, 75 मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को दी गयी दो–दो लाख रूपए की अनुदान राशि।**
5. **रांची जिला प्रशासन ने कोविड संक्रमण पर जारी की एहतियाती एडवाइजरी, उपायुक्त ने बचाव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश ।**

**और अब समाचार विस्तार से**

*******************

देश में कृषि प्रक्षेत्र को नया आयाम देने के लिए झारखंड समेत देशभर के सात सौ से अधिक जिलों में आज से बारह जून विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की गयी है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओडिशा के पुरी से अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि कृषि विकास और किसान कल्याण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा लगातार कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है और इस वर्ष कृषि के क्षेत्र में रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है।

*******************

इधर, जामताड़ा जिले के मोहनपुर और मोचियाडीह गांव में आज विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत हुई। अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने किसानों को बीज, उर्वरक सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर संजीव कुमार ने किसानों से संवाद करते हुए बीज, उर्वरक और तकनीकी सहायता की जानकारी साझा की।

*******************

राज्यपाल–सह–कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन एवं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर कुलपतियों के साथ परिचर्चा का आयोजन किया गया। राजधानी रांची स्थित राज भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास अनिल कोठारी समेत राज्य के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह नीति भारत को ज्ञान की महाशक्ति बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विश्वविद्यालयों को टास्क फोर्स गठित करनी चाहिए।

*******************

16वें वित्त आयोग की बैठक आज देवघर मे डॉ. अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज, गोड्डा और पाकुड़ के जिला परिषद अध्यक्ष और नगर निकाय प्रशासकों ने अपने क्षेत्रों की जरूरतों को प्रस्तुत किया। साथ ही संथाल परगना के विकास योजनाओं समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई और सभी योजनाओं को समय पर और नियमों के तहत पूरा करने का निर्देश दिया गया।

*******************

प्रसार भारती ने यूट्यूबर्स, पॉडकास्टर्स और वीडियो एडिटर्स को पीबी शब्द प्लेटफॉर्म पर निरूशुल्क पंजीकरण करने का आमंत्रण दिया है। पीबी शब्द एक ऐसा मंच है जहां से कॉपीराइट–फ्री, प्रमाणिक और सुरक्षित सामग्री आसानी से प्राप्त की जा सकती है। दूरदर्शन और आकाशवाणी की विश्वसनीय सामग्री के साथ यहां रोज़ 1,000 से अधिक खबरें 50 से ज्यादा श्रेणियों में सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में अपलोड की जाती हैं।

*******************

रांची में आज राज्य के पहले झारखंड मत्स्य महोत्सव का उद्घाटन कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य में हर प्रखंड–पंचायत में मॉडल तालाब और डैमों में केज कल्चर के जरिए मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जाएगा। इस महोत्सव में 75 मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को दो–दो लाख रुपये की अनुदान राशि दी गई और तालाबों के पुनर्जीवन पर ज़ोर दिया गया। मंत्री ने मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीक और बीमा योजना की उपयोगिता पर भी बल दिया।

*******************

रांची जिला प्रशासन ने कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए नागरिकों को एहतियाती परामर्श जारी किया है। प्रशासन ने लोगों से भीड़भाड़ से बचने, मास्क पहनने और हल्के लक्षण होने पर घर में आइसोलेट रहने की अपील की है। साथ ही फ्लू जैसे लक्षण होने पर शारीरिक दूरी, स्वच्छता और डॉक्टर की सलाह पर दवा लेने की सलाह दी गई है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने संबंधित अधिकारियों को कोविड से बचाव की तैयारियों के निर्देश दिए हैं।

*******************

बोकारो में जी. क्रांति कुमार ने उत्तरी छोटानागपुर जोन के 12वें आईजी के रूप में आज पदभार ग्रहण किया। सेक्टर 4 स्थित आईजी ऑफिस में उन्होंने माइकल राज एस से कार्यभार लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तरी छोटानागपुर जोन में नक्सल उन्मूलन को लेकर पुलिस ने अब तक अनुकरणीय कार्य किया है, जिसे आगे भी जारी रखा जाएगा।

इधर, सिंहभूम–कोल्हान रेंज के नए पुलिस उपमहानिरीक्षक के रूप में अनुरंजन किस्पोट्टा ने मनोज रतन चौथे से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने पुलिस तंत्र को मजबूत कर रेंज में सौहार्द एवं शांति बनाए रखने को प्राथमिकता बताया।

*******************

राज्य सरकार की ओर से गोड्डा जिले को आगामी खरीफ फसल के आच्छादन के लिए धान के बीज की सबसे ज्यादा आपूर्ति की जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

मौसम विभाग ने 31 मई तक राज्य के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण राज्य में अगले तीन दिनों तक तेज बारिश और वज्रपात की आशंका है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने निचले इलाकों में रहनेवालों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है।

*******************

आई.पी.एल. क्रिकेट में प्लेऑफ के पहले क्वालीफायर मुकाबले में आज पंजाब किंग्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू से होगा। यह मैच मुल्लांपुर में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

**************